# Sujas Quiz – 166 (04 Aug 2026)

**प्रश्न : 1 - राजस्थान की 'चंदन वन परियोजना' के प्रथम चरण में किन चार जिलों में चंदन वन विकसित किए जाएंगे?**

(A) उदयपुर, सिरोही, बांसवाड़ा और प्रतापगढ़
(B) जयपुर, अलवर, भरतपुर और धौलपुर
(C) उदयपुर, डूंगरपुर, राजसमंद और चित्तौड़गढ़
(D) कोटा, बूंदी, बारां और झालावाड़

**Answer :- (A) उदयपुर, सिरोही, बांसवाड़ा और प्रतापगढ़**
**व्याख्या :** राजस्थान में **'चंदन वन परियोजना'** के प्रथम चरण के तहत **उदयपुर, सिरोही, बांसवाड़ा और प्रतापगढ़** जिलों में चंदन वन विकसित किए जाएंगे। इस परियोजना का शुभारंभ **1 अगस्त 2026 को उदयपुर के दूधतलाई वन क्षेत्र** से किया गया। लगभग **33 करोड़ रुपये** की लागत वाली यह परियोजना **'मिशन हरियालो राजस्थान'** के अंतर्गत संचालित की जा रही है, जिसका उद्देश्य चंदन के वनों का विकास करने के साथ-साथ **पर्यावरण संरक्षण, जैव विविधता संवर्धन, ग्रामीण आजीविका और हरित अर्थव्यवस्था** को बढ़ावा देना है।

---

**प्रश्न : 2 - राजस्थान में 'सामाजिक सुरक्षा पेंशन' की राशि को बढ़ाकर प्रतिमाह कितना कर दिया गया है?**

(A) 1,000 रुपये
(B) 1,250 रुपये
(C) 1,450 रुपये
(D) 1,500 रुपये

**Answer :- (C) 1,450 रुपये**
**व्याख्या :** राजस्थान सरकार ने **सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना** के तहत दी जाने वाली पेंशन राशि को बढ़ाकर **₹1,450 प्रतिमाह** कर दिया है। इसके अंतर्गत पात्र **वृद्धजन, विधवा/एकल नारी, दिव्यांगजन एवं सीमांत कृषक** को आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है।

---

**प्रश्न : 3 - राज्य सरकार द्वारा प्रदेश के सड़क नेटवर्क को सुदृढ़ करने के लिए कितने 'ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे' बनाए जा रहे हैं?**

(A) 5
(B) 7
(C) 9
(D) 11

**Answer :- (C) 9**
**व्याख्या :** राजस्थान सरकार ने प्रदेश के सड़क नेटवर्क को मजबूत करने से **9 ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे** विकसित करने की योजना बनाई है। इनकी कुल प्रस्तावित लंबाई **2,750 किमी से अधिक** है। यह घोषणा **राजस्थान के संशोधित बजट 2024-25** में की गई थी। इसके बाद **बजट 2025-26** में इन 9 ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे के कार्यों के लिए **HAM/BoT मॉडल पर लगभग ₹60,000 करोड़** के निवेश का उल्लेख किया गयाहै।

---

**प्रश्न : 4 - हाल ही में प्रधानमंत्री द्वारा शुरू किया गया राष्ट्रव्यापी जन आंदोलन 'नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत संकल्प अभियान' आगामी कितने सप्ताह तक संचालित किया जाएगा?**

(A) 50 सप्ताह
(B) 75 सप्ताह
(C) 100 सप्ताह
(D) 150 सप्ताह

**Answer :- (C) 100 सप्ताह**

**व्याख्या :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने **2 अगस्त 2026** को राष्ट्रव्यापी जनभागीदारी अभियान **'नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत संकल्प अभियान'** का शुभारंभ किया। यह अभियान **100 सप्ताह** तक संचालित किया जाएगा। इसका उद्देश्य युवाओं को नशीले पदार्थों से दूर रखने, नशे के विरुद्ध जन-जागरूकता बढ़ाने तथा नशामुक्त और स्वस्थ युवा पीढ़ी के माध्यम से **विकसित भारत@2047** के लक्ष्य को मजबूत करना है।

---

**प्रश्न : 5 - पंच गौरव कार्यक्रम में 'एक जिला-एक उत्पाद' के तहत सलूम्बर जिले का उत्पाद कौन सा है?**

(A) क्वार्ट्ज

(B) थेवा आभूषण

(C) कोटा स्टोन के उत्पाद

(D) मार्बल के उत्पाद

**Answer :- (A) क्वार्ट्ज**

---

RAJASTHAN CURRENT AFFAIRS
www.rajasthancurrentaffairs.in